एक नजर में

ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई

सारंगपुर 29 अप्रैल, सं. बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय आशा भवन में प्रातः 11 बजे ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया. बैठक का शुभारंभ महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यर्पण कर शुरुआत की. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी द्वारा पुनः नव नियुक्त शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी का एवं जिला कार्यकारिणी में विधानसभा सारंगपुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का स्वागत किया. पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय द्वारा ब्लॉक कार्यकारणी के निर्माण, बढ़ी हुई पोलिंगों पर बी.एल.ए.-2 की नियुक्ति, जन महत्व के मुद्दे एवं आंदोलनों की तैयारी, ग्राम पंचायत कमेटी द्वारा नवीन वोटर लिस्ट, ग्राम चौपाल के आयोजनों, महिला आरक्षण के पक्ष में, ब्लॉक में सोशल मीडिया टीम का गठन आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई. बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता नंदलाल नागर, प्रदीप सादानी, भूपेंद्र सिंह ठाकुर मुख्य संगठक जिला सेवादल, देवेंद्र पाराशर जिला प्रवक्ता, राजेंद्र जाट महासचिव, समीर मेव महासचिव, मुकेश मेघवाल सचिव सुनील नागर सचिव, पंकज भंडारी सचिव, रघुवीर चंदेल,मीडिया प्रभारी जिलाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष पचोर बनवारी लाल मालवीय एव मंडलम अध्यक्षों सुनील पाल, महेश सोनी, एजाज यादें, बाबूलाल पटेल, देवी सिंह लववंशी, कमल गुर्जर का भी स्वागत किया गया. संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता निजाम कुरैशी व आभार शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी द्वारा माना गया.

पॉलिटेक्निक कॉलेज में संगोष्ठी

राजगढ़ 29 अप्रैल, का. शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया. संगोष्ठी मध्य प्रदेश शासन के अंतर्गत म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल (स्कॉस्ट) द्वारा प्रायोजित एवं प्रोत्साहित की गई थी. कार्यक्रम का संचालन सुश्री हिमानी नामदेव द्वारा किया गया. महाविद्यालय प्राचार्य राजू जैतवार ने महाविद्यालय की उपलब्धियों की संक्षिप्त जानकारी दी. उन्होंने मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय उज्जैन के प्राचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता का स्वागत किया. साथ ही वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संदीप सिंघाई डॉ. एस. सुरेश एवं स्टार्टअप इंडिया मेंटर डॉ. अजय चौबे का भी अभिनंदन किया. संगोष्ठी की संयोजिका श्रीमति नेहा पाण्डेय ने संगोष्ठी के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला. विशिष्ट अतिथि डॉ. आरसी गुप्ता ने का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसके महत्व को बताया और विद्यार्थियों को अपने विचारों की सुरक्षा हेतु प्रेरित किया.

मशरूम फार्मिंग कार्यशाला आयोजित

राजगढ़ 29 अप्रैल, का. पुलिस विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पुलिस कर्मियों के परिजनों के आर्थिक सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस कंट्रोल रूम, राजगढ़ में मशरूम फार्मिंग विषयक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया. यह कार्यशाला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे शामिल रहे. कार्यक्रम में नरसिंहगढ़ एसडीओपी मिनी शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रही. अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि मशरूम फार्मिंग एक कम लागत, उच्च उत्पादन एवं लाभकारी व्यवसाय है, जिसे सीमित संसाधनों के साथ घर पर भी आसानी से प्रारंभ किया जा सकता है.

गर्मी से 2 डिग्री राहत

राजगढ़. नगर के एक सार्वजनिक प्याऊ पर छोटे बच्चे को पानी पिलाते हुए महिला.

41 डिग्री पहुंचा पारा, तपन बरकरार लेकिन हवाओं से असर कम

नवभारत न्यूज, राजगढ़ 29 अप्रैल,का. बीते तीन दिनों से 42 और 43 डिग्री सेंटिग्रेट पर आग बरसाने वाले पारे ने 2 डिग्री की राहत दी है. तापमान 41 डिग्री पहुंच गया. वहीं बुधवार को सुबह से हवाओं के चलने से गर्मी से थोड़ी राहत मिली. हालांकि धूप और तपन बरकरार रहीं. आने वाले एक सप्ताह में मौसम विभाग ने तापमान इसी प्रकार रहने के संकते दिए है. वहीं स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है. खासतौर से बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर. गर्मी के कारण बच्चों में छाले, बदहजमी और डिहाईड्रेशन के साथ पेट दर्द की शिकायतें बढ़ रही है. बच्चों को 11 बजे के बाद घरों से न निकलने, छांव में रहने, हल्के कपड़े पहनने की सलाह परिजनों को दी जा रही है.

उधारी के दो हजार नहीं लौटाए तो मारपीट की

ब्यावरा के शहीद कॉलोनी का मामला

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 29 अप्रैल,का. समय पर उधारी नहीं चुकाने पर एक 65 वर्षीय वृद्धा और उसकी बहू के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है.

जानकारी के अनुसार शहीद कॉलोनी निवासी सुशीलाबाई कुशवाह ने रिपोर्ट लिखाई कि उनके बेटे मंगल ने विष्णु पुत्र देवीसिंह कुशवाह से करीब 15 दिन पहले 2 हजार रुपए उधार लिए थे. मंगलवार की रात आरोपी विष्णु कुशवाह फरियादी के घर के सामने आया और उधारी के रुपए मांगने लगा. महिला सुशीला बाई ने कहा कि तुम्हारे पैसे कल सुबह दे देंगे. इस पर आरोपी विष्णु भड़क गया और गालियां देते हुए वृद्धा को धक्का मार दिया जिससे वह नीचे गिरगई और चोटिल हो गई. बीचबचाव करने आई बहू सीमा कुशवाह के साथ भी आरोपी ने हाथ थप्पड़ों से मारपीट कर दी. घटना मंगलवार की रात करीब साढ़े 9 बजे की है. पुलिस ने वृद्धा की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है.

शादी में गये युवक की बाइक चोरी

ब्यावरा 29 अप्रैल, का. बाईक चोरी के मामले लगातार बढ़ रहे है. इसी प्रकार शहर के एक विवाह स्थल से से युवक की बाइक चोरी चली गई. पुलिस के अनुसार चांचोड़ा तहसील में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर के पिता संतोष शर्मा के नाम से रजिस्टर्ड बाइक नंबर एमपी 08 एम एक्स 0879 से वह अपने मामा के बेटे के शादी समारोह में आए था. बाइक को लॉक करके खड़ी कर दी थी बावजूद इसके कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया. पुलिस ने मामला जांच में लेते हुए अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है.

ट्रक ने बाइक में टक्कर मारी, युवक गंभीर घायल

सुठालिया 29 अप्रैल, का. मधुसूदनगढ़ रोड पर बीती रात तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक में टक्कर मार दी. मंगलवार रात 9 बजे के लगभग खनोटा जोड़ पर हुए इस हादसे में युवक गंभीर घायल हो गया. युवक ग्राम पारसाना का निवासी है. पुलिस के अनुसार रामकरण पुत्र पर्वत सिंह सौंधिया अपनी बाइक से कहीं जा रहे था. ट्रक नंबर एमपी 20 जी बी 3905 ने बाइक चालक को टक्कर मार दी. हादसे में रामकरण गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया. पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है.

उम्र बनी बाधा : 14 साल के होने पर ही 9वीं में प्रवेश

8वीं तक नियमित पढ़ाई के बाद भी छात्रा भटकने को मजबूर, अभिभावक स्कूल-स्कूल लगा रहे चक्कर

4 साल की उम्र से पहले स्कूल में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को नवमीं कक्षा में नहीं मिल रहा प्रवेश

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 29 अप्रैल, का. शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए नियम ही अब बच्चों के लिए बाधा बनते नजर आ रहे हैं। कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए 14 वर्ष आयु पूर्ण होने की अनिवार्यता के कारण कई छात्र-छात्राएं एडमिशन से वंचित हो रहे हैं. ऐसा ही एक मामला जिले में सामने आया है, जहां 8वीं तक लगातार सरकारी स्कूल में पढ़ाई करने के बावजूद एक छात्रा को महज कुछ महीनों की उम्र कम होने के कारण 9वीं में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है.

जानकारी के अनुसार राधिका (परिवर्तित नाम) ने नगर के पुलिस लाइन स्थित शासकीय स्कूल से कक्षा 1 से 8वीं तक नियमित अध्ययन किया। इसके बाद उसने उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित पात्रता परीक्षा भी उत्तीर्ण कर ली, लेकिन 14 वर्ष की आयु पूर्ण होने में लगभग 4 माह की कमी के चलते विद्यालय प्रबंधन ने प्रवेश देने से इनकार कर दिया.

छात्रा के पिता अपनी बेटी का भविष्य संवारने के लिए एक स्कूल से दूसरे स्कूल के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर जगह आयु संबंधी नियम आड़े आ रहा है। इससे न केवल छात्रा का शैक्षणिक सत्र प्रभावित हो रहा है, बल्कि परिवार मानसिक और प्रशासनिक परेशानी भी झेल रहा है.

अभिभावकों का कहना है कि जब बच्ची ने 8वीं तक नियमित पढ़ाई पूरी कर ली और पात्रता परीक्षा भी पास कर ली, तो मात्र कुछ महीनों की आयु कमी के आधार पर उसे आगे की पढ़ाई से वंचित करना न्यायसंगत नहीं है. शिक्षा के अधिकार की भावना के विपरीत ऐसे नियमों में लचीलापन होना चाहिए.

एक महीने से बेटी के एडमिशन के लिए भटक रहा पिता

कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए निर्धारित आयु सीमा (14 वर्ष पूर्ण) इस छात्रा के लिए बड़ी बाधा बन गई है. राधिका ने 8वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उत्कृष्ट विद्यालय की प्रवेश परीक्षा पास की, लेकिन उम्र पूरी न होने के कारण उसे प्रवेश नहीं दिया गया. इसके बाद परिजन अन्य शासकीय विद्यालयों में भी संपर्क कर चुके हैं, पर समाधान नहीं निकल पाया है.यह मामला न केवल एक छात्रा की समस्या है, बल्कि उन तमाम बच्चों की स्थिति को उजागर करता है जो उम्र संबंधी तकनीकी शर्तों के कारण शिक्षा से वंचित हो रहे हैं. अब देखना होगा कि प्रशासन इस दिशा में क्या राहत देता है.

एक से 8वी तक सरकारी स्कूल में पढ़ाई करने के बाद भी 9वी में प्रवेश नही दिया जा रहा. पूरा महीना निकल गया बेटी स्कूल नही जा पा रही है. और कल से स्कूल बंद हो गए है.

रहीस खान, पिता राजगढ़

कलेक्टर से गुहार

प्रवेश नहीं मिलने से परेशान परिजनों ने बीते सप्ताह जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा से गुहार लगाई है. नए शैक्षणिक सत्र का अप्रैल माह समाप्ति की ओर है, लेकिन अब तक छात्रा का प्रवेश सुनिश्चित नहीं हो पाया है. ऐसे में यह मामला प्रशासन के लिए भी चुनौती बनता जा रहा है कि नियमों के बीच बच्चों के भविष्य को कैसे सुरक्षित रखा जाए.

एक जून से पुनः स्कूल खुलेंगे और प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी. शासन स्तर पर 14 वर्ष आयु पूर्ण होने के नियम में शिथिलता दी जाएगी, जिससे पात्र विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं में प्रवेश दिया जा सके.

करण सिंह भिलाला, जिला शिक्षा अधिकारी, राजगढ़

पैतृक संपत्ति को लेकर पूर्व विधायक दांगी का परिवार भिड़ा

लोहे की रॉड से मारपीट, चार घायल, दोनो पक्षों की रिपोर्ट पर क्रास केस दर्ज

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 29 अप्रैल, का. विधानसभा क्षेत्र ब्यावरा के पूर्व विधायक रहे स्व जगन्नाथ दांगी बालचिड़ी की पैतृक संपत्ति को लेकर उनके परिवार के लोगों में हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया. पुलिस को परिवार के दोनो पक्षों ने रिपोर्ट दर्ज की है. इसी आधार पर पुलिस ने दोनो पक्षों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है.

जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात एक शादी समारोह के दौरान परिवार के सदस्यों में विवाद हो गया. यह विवाद संपत्ति व अन्य मामलों तक जा पहुंचा. इसके बाद मारपीट की स्थिति निर्मित हो गई. पुलिस के अनुसार उनके पुत्रों व उनके परिवार में लोहे की रॉड व लोहे की धारदार पत्ती से जमकर मारपीट हुई. इसमें दोनों ओर से दो-दो लोग सहित कुल चार लोग घायल हो गये. देहात थाना पुलिस के अनुसार बालचिड़ी गांव में उपजे विवाद में एक पक्ष से भाजपा नेता लखन सिंह दांगी ने रिपोर्ट लिखाई कि गांव के ही रामनिवास दांगी व विकास दांगी ने पुरानी रंजिश को लेकर उनके साथ लोहे की धारदार पत्ती से मारपीट कर दी. बीच बचाव कर रहे उनके भाई ईश्वर सिंह दांगी के साथ भी मारपीट की गई. वहीं दूसरे पक्ष के रामनिवास दांगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है किए उनके चाचा लखन सिंह दांगी व उसके भाई ईश्वर सिंह दांगी ने संपत्ति के विवाद को लेकर उनके ऊपर लोहे की रॉड से हमला कर दिया. बीच बचाव कर रहे रामनिवास दांगी के भाई विकास दांगी के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी गई. पुलिस ने दोनो पक्षो की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में ले लिया है.

मंत्री ने खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 29 अप्रैल, सं. प्रदेश के कौशल विकास मंत्री विधायक डॉ. गौतम टेटवाल ने बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न खरीदी केंद्रों का तूफानी दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्पष्ट किया कि किसान हित में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने विगनोदीपूरा स्थित भल्ला वेयर हाउस, ग्राम भैंसवामाता स्थित माँ बिजासन वेयर हाउस और ग्राम संडावता स्थित रामपुरिया वेयर हाउस के खरीदी केंद्रों पर पहुंचकर तौल प्रक्रिया, बारदाना उपलब्धता और किसानों के बैठने व पानी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान डॉ. टेटवाल ने वहां उपस्थित किसान भाइयों से आत्मीय संवाद किया. उन्होंने कतार में खड़े किसानों से पूछा कोई समस्या तो नहीं आ रही. किसानों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी साझा किए, जिन्हें मंत्री ने गंभीरता से सुना और मौके पर ही अधिकारियों को व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ एवं सुचारू बनाने के निर्देश दिए. अंत में मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि किसान भाई समृद्ध होंगे, तभी प्रदेश और देश प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा. जय जवान, जय किसान के संकल्प के साथ हमारी सरकार हर अन्नदाता को उसकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है.

मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

तलेन 29 अप्रैल, सं. बोर्ड परीक्षा का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों का प्रतिभा सम्मान एवं केरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम पीएम श्री शा.उ.मा.वि.तलेन में संपन्न हुआ.

कक्षा 10 का कुल 91प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा जिसमें छात्र प्रवीण मेवाड़ा 97.6 प्रतिशत जिले की मेरिट लिस्ट में द्वितीय स्थान एवं छात्रा करिश्मा मेवाड़ा को 97.4 अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट लिस्ट में तृतीय स्थान प्राप्त किया और कक्षा 12वी के विद्यार्थियों का कुल परीक्षा परिणाम 91प्रतिशत रहा जिसमें से 56 विद्यार्थियों ने लेपटॉप प्राप्त करने के लिए 25000/- रूपये प्राप्त करने की पात्रता हासिल की. अभिभावकों एवं अतिथियों का स्वागत सम्मान किया. कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश प्रसाद यादव, राय सिंह डाबी, शिव प्रसाद यादव, प्रकाश नारायण सोनी उपस्थित रहे. कैरियर काउंसलर लक्ष्मी नारायण सूर्यवंशी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया. कार्यक्रम के अंत में संस्था प्राचार्य अशोक कुमार पाटीदार ने आभार व्यक्त किया.

अतिक्रमण हटाने के बाद विभाग भूला नाली निर्माण

एक साल से तिरपाल में गुजर-बसर कर रहे ग्रामीण

नवभारत न्यूज

पडाना 29 अप्रैल, सं. केंद्र सड़क निधि से स्वीकृत 7 मीटर सड़क निर्माण के लिए करीब एक साल पहले मऊ ग्राम में 34 लोगों को नोटिस देकर अतिक्रमण हटवाया गया था. लेकिन विभाग की लापरवाही से आधा-अधूरा काम अब ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है.

जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण के दौरान कुछ जगह नाली बना दी गई. जबकि कई हिस्से आज भी खुले छोड़ दिए गए. अतिक्रमण हटने के बाद जिन लोगों के मकान की बाहरी दीवारें टूटीं, वे एक साल से तिरपाल लगाकर रह रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि मवेशी, कृषि उपकरण और फसल को बचाने के लिए रात में घर के बाहर सोना पड़ रहा है.

बारिश में बढ़ेगी परेशानी

नाली अधूरी होने से बारिश का पानी सीधे घरों में घुसेगा. कच्चे हिस्से में कीचड़ और जलभराव से मवेशियों में बीमारी फैलने का खतरा है. ग्रामीणों ने बताया कि कंपनी-ठेकेदार ने काम बंद कर दिया और अब कोई सुध लेने नहीं आता.

विभाग को दिया आवेदन

परेशान ग्रामीण राम सिंह राजपूत ने लोक निर्माण विभाग को लिखित आवेदन देकर मांग की है कि बचे हुए हिस्से में जल्द नाली बनाई जाए. ताकि वे अपने घर की चार दीवारी, फसल और मवेशियों की सुरक्षा के लिए निर्माण कार्य शुरू कर सकें.

प्रभावित रहवासी राम सिंह राजपूत नंदन सिंह राजपूत कैलाश वाल्मीकि युसूफ भाई सहित अन्य रहवासियों ने बताया कि एक साल होने को है. अतिक्रमण के नाम पर घर एवं घर की दीवार तोड़ दिया. पर नाली नहीं बनाई. तिरपाल में मवेशी बांधते हैं. बारिश आई तो सब बह जाएगा. बच्चों को लेकर कहां जाएंगे.

मानसून से पहले काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है जल्दी अधूरा नाली निर्माण कार्य चालू किया जाएगा.

पीके शर्मा, एसडीओ, लोक निर्माण विभाग सारंगपुर

अंत्येष्टि पूर्व विधायक स्व रामकरण उग्र की धर्मपत्नी की अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

कमलादेवी के सामाजिक योगदान को याद कर दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 29 अप्रैल, का. क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस विधायक स्व रामकरण उग्र की धर्मपत्नी श्रीमती कमलादेवी उग्र को आज भारी मन के साथ विदा किया गया. उनकी अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में सामाजिक, राजनीतिक, व्यापारी जगत के लोग शामिल हुए. सभी ने श्री मती कमला देवी के सामजिक, पारिवारिक योगदान की सराहना करते हुए उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किये.

उल्लेखनीय है कि श्री मती कमला देवी का मंगलवार को अस्वस्थता के चलते देवलोकगमन हो गया था. आज प्रातः उनकी शवयात्रा जूना ब्यावरा स्थित उनके निवास से शुरू हुई. 92 वर्षीय श्री मती कमला देवी की शवयात्रा बाजे गाजे के साथ ही भजन मंडली के सुमधुर भजनों की धुन के साथ शुरू हुई. मुक्तिधाम तक भजनों का क्रम अनवरत् जारी रहा.

लक्ष्मीनारायण, पुरुषोत्तम, सुरेंद्र उग्र की माताजी श्री मती कमला देवी धार्मिक , सहज, सरल स्वभाव की महिला थी. वे जितनी सरल थी उतनी ही साहसी भी थी. श्री रामकरण उग्र गोवा मुक्ति आंदोलन में भाग लेने गोवा गये तो उन्होंने साहस दिखाते हुए उन्हें विदा किया.

करीब एक माह के अंतराल में लौटने के बाद भी उन्होंने साहस नहीं खोया और बच्चों को संभाला. इसी प्रकार अपने पति श्री रामकरण उग्र की आकस्मिक मृत्यु के बाद करीब 40-41 वर्षो तक बच्चों, परिवारजनों को पूरी ताकत देते हुए उन्हें संभालने में वे कभी कमजोर नजर नहीं आई.उनका घर आने वाले सभी नेता, कार्यकर्ता, समाजबंधुओं के प्रति अपार स्नेह रहता था. ग्राम खजूरिया की मूल निवासी होने के कारण उनका ग्रामीण लोगो से भी अपनापन, स्नेहभाव सदैव रहा.

अपने पति के राजनीतिक, सामाजिक योगदान में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सदैव सहभागी रही श्रीमती कमलादेवी उग्र के व्यक्तित्व को सभी ने याद किया. इसके साथ ही अंत्येष्टि में शामिल सभी लोगो ने उनके मझले पुत्र वरिष्ठ इंका नेता पुरषोत्तम उग्र द्वारा अपनी माताजी की वृद्धावस्था व रुग्ण अवस्था में की गई सेवा को एक मिसाल बताते हुए वर्तमान समाज के लिये अनुकर्णीय बताया.

उनकी अंत्येष्टि में जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सोंधिया, पूर्व विधायकगण रामचंद्र दांगी, पुरुषोत्तम दांगी, विजय सिंह सौंधिया, पूर्व नपाध्यक्ष डॉ भारत वर्मा, अखिलेश जोशी, समाजसेवी डॉ केलाश मिश्रा, इंका नेता महेंद्र यादव,फरीद अहमद, पत्रकार गोविन्द बड़ोने, मनीष गौतम, बी के तिवारी, एडव्होकेट केलाश पाराशर, आफताब खान, अमित शर्मा, अर्पित शर्मा, रामबाबु प्रजापति, सुनिल उपाध्याय, मनीष चोटी, राजेश जैन लाला, कैलाश गुप्ता टाटा, गिरीश गुप्ता, शिव सांकवा, आनंद व्यास, अरविंद व्यास, आर के दुबे, अरुण आजाद सहिब बड़ी संख्या में समाजबंधु, गणमान्य नागरिक मौजूद थे.